पत्रिका

Amroha News: नकली दूध-पनीर फैक्ट्री का भंडाफोड़, छापेमारी में 6 कुंतल नकली दूध और 60 किलो पनीर जब्त, होगी सख्त कार्रवाई

Fake milk-cheese factory busted in amroha: अमरोहा जिले के गजरौला क्षेत्र में शुक्रवार को खाद्य विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नकली दूध और पनीर बनाने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ। छापेमारी के दौरान मौके से 6 कुंतल नकली दूध और 60 किलो नकली पनीर जब्त किया गया।

फाजलपुर फाटक के पास डेयरी पर मारा गया छापा

खाद्य आयुक्त विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में यह कार्रवाई फाजलपुर फाटक के पास तेवा फैक्ट्री के सामने स्थित एक डेयरी पर की गई। यह डेयरी गांव मोहरका पट्टी निवासी इरफान द्वारा संचालित की जा रही थी।

Source: https://www.patrika.com/amroha-news/fake-milk-cheese-factory-busted-in-amroha-19737060